भारत सरकार **GOVERNMENT OF INDIA**
अंतरिक्ष विभाग **DEPARTMENT OF SPACE**
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह **CONSTRUCTION AND MAINTENANCE GROUP**
अहमदाबाद **AHMEDABAD – 380015**

**शुध्धि-पत्र सं. 1 दि. 05.06.2025**
CORRIGENDUM NO: 1 DATED 05.06.2025
TO

**ई-निविदा सूचना सं. एवं दिनांक:** सैक/सीएमजी/एसीएमडी/04/2025-26 एवं दिनांकः 16.05.2025

**E-Tender Notice No. & Date:** SAC/CMG/ACMD/04/2025-26 & Dt: 16.05.2025

**कार्य का नाम:** सेक परिसर, अहमदाबाद में स्थापित विभिन्न एसी संयंत्रों में नए टी. टी. ए. प्रकार के विद्युत पैनलों द्वारा मौजूदा अनुपयोगी विद्युत पैनलों का प्रतिस्थापन।

**Name of work:** **Replacement of existing unserviceable Electrical panels by New TTA type Electrical panels in various AC plants insalled at SAC campus, Ahmedabad.**

**अनुमानित लागत** Estimated Cost – **₹ 58.64 Lakhs**

**कार्य पूरा करने की अवधि** Period of Completion **– 09 Months**

**सम्पूर्ण भरे हुए निविदा स्वीकारने की अंतिम दिनांक और निविदा खोलने की अंतिम दिनांक इस प्रकार परिवर्तित की है।**

The sale period, bid clarification date, last date for receipt of tenders & due date for opening of tenders are modified as follows:

| **क्र.सं.**<br>Sr. No. | **विवरण**<br>Description | **ई-निविदा सूचना के अनुसार दिनांक**<br>Dates as per E-Tender Notice | **शुध्धिपत्र सं. 1 के अनुसार परिवर्तित दिनांक**<br>Dates Revised as per this Corrigendum No: 1 |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अवधि<br><br>Period during which the tender document can be downloaded. | **20.05.2025** को 10:00 बजे से **30.05.2025**को 17:00 बजे तक ।<br><br>From **20.05.2025** at 10.00 Hrs. to **30.05.2025** upto 17:00 Hrs. | **20.05.2025** को 10:00 बजे से **18.06.2025** को 17:00 बजे तक ।<br><br>From **20.05.2025** at 10.00 Hrs. to **18.06.2025** upto 17:00 Hrs. |

| क्र.सं.<br>Sr. No. | विवरण<br>Description | ई-निविदा सूचना के अनुसार दिनांक<br>Dates as per E-Tender Notice | शुध्धिपत्र सं. 1 के अनुसार परिवर्तित दिनांक<br>Dates Revised as per this Corrigendum No: 1 |
|---|---|---|---|
| 2 | **बोली स्पष्टीकरण**<br><br>Bid clarifications | **20.05.2025** को 11.00 बजे से **02.06.2025** को 17.00 बजे तक<br><br>From **20.05.2025** at 11.00 Hrs. to **02.06.2025** upto 17:00 Hrs. | **20.05.2025** को 11.00 बजे से **19.06.2025** को 17.00 बजे तक<br><br>From **20.05.2025** at 11.00 Hrs. to **19.06.2025** upto 17:00 Hrs. |
| 3 | **निविदा पाने की अंतिम तिथि एवं समय**<br><br>Last date and time for receipt of tenders. | **04.06.2025** को 17:00 बजे तक<br><br>**04.06.2025** upto 17:00 Hrs. | **23.06.2025** को 17:00 बजे तक<br><br>**23.06.2025** upto 17:00 Hrs. |
| 4 | **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**<br><br>Due date and time of opening of tenders. | **05.06.2025 को** 11:00 बजे<br><br>11:00 Hrs. on **05.06.2025** | **24.06.2025 को** 11:00 बजे<br><br>11:00 Hrs. on **24.06.2025** |

**दि गई अन्य सभी शर्तें समान रहेगी।**

All other conditions stipulated will remain unaltered.

**समूह प्रधान, सीएमजी Group Head, CMG**

भारत सरकार **GOVERNMENT OF INDIA**
अंतरिक्ष विभाग **DEPARTMENT OF SPACE**
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) **SPACE APPLICATIONS CENTRE (SAC),**
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह (सीएमजी) **CONSTRUCTION & MAINTENANCE GROUP (CMG),**
जोधपुर टेकरा, अंबावाडी विस्तार पो.ऑ. **JODHPUR TEKRA, AMBAWADI VISTAR P.O.,**
अहमदाबाद – **AHMEDABAD – 380015**
दूरभाष सं : **Ph. No- (079) 26914919/4953/4901**

## **ई-निविदा सूचना सं :** सैक/सीएमजी/एसीएमडी/04/2025-26 दिनांकः 16.05.2025
## **E-Tender Notice No:** SAC/CMG/ACMD/04/2025-26 dated 16.05.2025

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित **कार्य** के लिए ई-निविदा माध्यम से ओनलाईन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
   On Behalf of the President of India, online item-rate tenders are invited through **e-tendering** for the following work.

| **क्र.सं. Sl. No** | **विवरण DESCRIPTION** | **ब्यौरा Details** |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का शीर्षक<br>Title of work | सेक परिसर, अहमदाबाद में स्थापित विभिन्न एसी संयंत्रों में नए टी. टी. ए. प्रकार के विद्युत पैनलों द्वारा मौजूदा अनुपयोगी विद्युत पैनलों का प्रतिस्थापन।<br><br>Replacement of existing unserviceable Electrical panels by New TTA type Electrical panels in various AC plants installed at SAC campus, Ahmedabad. |
| 2. | निविदा में दी गई अनुमानित लागत<br>Estimated cost put to tender | **Rs. 58.64 लाख Lakhs** |
| 3. | कार्य पूरा होने की अवधि, महीनो में, जिसे कार्य आदेश जारी होने की तिथि के 15वें दिन से गिना जाए<br>Period of completion in months reckoned from the 15th day of date of issue of work order | **09 माह Months** |
| 4. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अवधि<br>Period during which the tender document can be downloaded. | **20.05.2025** को 10:00 बजे से **30.05.2025** को 17:00 बजे तक ।<br>From **20.05.2025** at 10.00 Hrs. to **30.05.205** upto 17:00 Hrs. |
| 5. | बोली स्पष्टीकरण<br>Bid clarifications | **20.05.2025** को 11.00 बजे से **02.06.2025** को 17.00 बजे तक<br>From 2**0.05.2025** at 11.00 Hrs. to 02**.06.2025** upto 17:00 Hrs. |
| 6. | निविदा पाने की अंतिम तिथि एवं समय<br>Last date and time for receipt of tenders. | **04.06.2025** को 17:00 बजे तक<br>**04.06.2025** upto 17:00 Hrs. |
| 7. | निविदा खुलने की नियत तिथि एवं समय (तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली)<br>Due date and time of opening of tenders (Techno-commercial bid). | **05.06.2025 को** 11:00 बजे<br>11:00 Hrs. on **05.06.2025** |
| **8.** | बयाना राशि जमा (ई.एम.डी.)<br>Earnest money deposit (EMD) | **Rs. 1,17,280.00** |

2. पात्रता **मापदंड Eligibility Criteria :-**

एजेंसी को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :
The agency shall fulfil the following conditions:

| क्र.सं. Sl.No | अर्हता मापदंड Eligibility Criteria | पात्रता हेतु स्कैन किया हुआ दस्तावेजी अपलोड किया जाए Documentary proof for the eligibility (To be scanned & uploaded) |
|---|---|---|
| a. | बोलीकर्ता बोली प्रस्तुति के अंतिम दिन के एक दिन पहले समाप्त होने वाली अवधि तक 7 वर्ष के दौरान निम्न उल्लेखित को सम्मिलित करता हुआ समान कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण किया होना चाहिए: The bidder should have satisfactorily completed the similar works comprising as mentioned below during the last seven years ending previous day of last date of submission of bids.<br>i. तीन समान कार्य, प्रत्येक की लागत **<u>Rs. 23.46 लाख</u>** से कम नहीं होना चाहिए यानि अनुमानित लागत के 40%।<br>Three similar works each costing not less than **<u>Rs. 23.46 Lakhs</u>** being 40% of the estimated cost.<br>**(या or)**<br>ii. दो समान कार्य, प्रत्येक की लागत <u>Rs. **35.18 लाख**</u> से कम नहीं होनी चाहिए यानि अनुमानित लागत के 60% ।<br>Two similar works each costing not less than **<u>Rs. 35.18 Lakhs</u>** being 60% of the estimated cost.<br>**(या or)**<br>iii. एक समान कार्य, जिसकी लागत **<u>Rs. 46.91 लाख</u>** से कम नहीं होना चाहिए यानि अनुमानित लागत के 80%।<br>One similar work costing not less than **<u>Rs. 49.91 Lakhs</u>** being 80% of the estimated cost. | i.स्थापना कार्य अनुभव से संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य आदेशों तथा पूर्णता प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति। Certified copy of work ordersand completion certificates for work issued by the authority concerned to establish work experience.<br>ii.निजी कंपनियों द्वारा कार्यों हेतु पूर्णता प्रमाणपत्र के साथ टी.डी.एस. (स्रोत पर कटौती किया गया कर) प्रमाणपत्र भी देना होगा। Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducte d at Source) certificates. |
| (i) | **<u>नोट: Note</u>:**<br>**समान कार्य का आशय " सेंट्रल एसी प्लांट का एस आई टी सी / ए.एम.सी "।**<br>**Similar work shall mean works of "SITC / Maintenance Contract of Central Air-conditioning plant."** | |

| क्र.सं. Sl.No | अर्हता मापदंड Eligibility Criteria | पात्रता हेतु स्कैन किया हुआ दस्तावेजी अपलोड किया जाए<br>Documentary proof for the eligibility<br>(To be scanned & uploaded) |
|---|---|---|
| (ii)<br><br>(iii) | **किए गए कार्यों का मूल्य, कार्य के वास्तविक मूल्य में 7% प्रति वर्ष की साधारण दर से बढ़ोत्तरी करने पर वर्तमान लागत स्तर तक हो जाना चाहिए, जिसकी गणना कार्य समाप्त होने की तिथि से बोली प्रस्तुति के अंतिम दिन तक है।**<br><br>**The value of executed works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bids.**<br>**उप संविदा और संयुक्त कार्य के रूप में किए गए कार्य पात्रता/आकलन के योग्य नहीं होंगे।**<br>**Work executed as sub-contract & joint venture will not merit for eligibility/evaluation.** | |
| **b.** | 31 मार्च (यानि 31-03-2024) को समाप्त पिछले तीन वर्षों में औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार के कार्य की अनुमानित लागत के 30 % से कम नही होना चाहिए (यानि **Rs. 17.59 लाख**)।<br>Should have average annual financial turnover not less than 30 % of the estimated cost (i.e. **Rs. 17.59 Lakhs**) of the work during the last three years ending 31st March of preceding year i.e. 31-03-2024. | वार्षिक वित्तीय कारोबार तथा लाभ एवं हानि दर्शाते तुलन पत्र की चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा सत्यापित प्रति<br>Certified copy from Chartered Accountant for the Annual financial turnover and balance sheet showing Profit & loss. |
| **c.** | 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले पिछले पांच वर्षों के दौरान दो से अधिक वर्षों में कोई हानि नहीं होनी चाहिए।<br>Should not have incurred any loss in more than two years during the last five years ending 31st March 2024 | |
| **d.** | कार्य की अनुमानित लागत के 40% की शोधन क्षमता अर्थात् **Rs. 23.46 लाख**।<br>Should have a solvency of 40% of the estimated cost of the work. **i.e. Rs. 23.46 Lakhs.** | किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए नवीनतम क्षमता प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति, परंतु किसी भी परिस्थिति में यह बिड जमा करने की अंतिम तिथि से **06** महीने से अधिक पुराना न हो।<br>Certified copy of latest solvency certificate issued from any Scheduled Bank. (Solvency certificate should not be older than **six months** from the last date of submission of bids stipulated in the tender notification) |
| **e.** | आवेदक की बोली लगाने की क्षमता निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत **Rs. 58.64 Lakhs** से अधिक होनी चाहिए। आवेदक/बोलीकर्ता को फॉर्मूलाः (AxNx2)-B के आधार पर अपनी बोली लगाने की क्षमता की गणना करके उसे घोषित करना होगा और दस्तावेज के लिए निवेदन के साथ संलग्न करना होगा। | i. फोर्मेट-1 के अनुसार उक्त निविदा के लिये पूर्णता कि अनुबंधित अवधि के दोरान इनमे से प्रत्येक कार्य के लिये वित्तीय प्रतिबद्धता दर्शाते हुए जारी कार्यों का विवरण एतद्द्वारा संलग्न है। यह प्रचाल बी के समर्थन के लिये आवश्यक है। |

| क्र.सं. Sl.No | अर्हता मापदंड Eligibility Criteria | पात्रता हेतु स्कैन किया हुआ दस्तावेजी अपलोड किया जाए<br>**Documentary proof for the eligibility (To be scanned & uploaded)** |
|---|---|---|
| | The bidding capacity of the applicant should be more than the estimated cost **(Rs. 58.64 Lakhs)** of the work put to Tender. The bidding capacity shall be worked out and declared by the applicant/ bidder and enclosed with the request for document based on the formula:<br>(A x N x 2) – B.<br>जहां, where,<br>A- पिछले 5 वर्ष के दौरान एक वर्ष में कार्यान्वित कार्य का वर्तमान मूल्य स्तर पर अधिक मूल्य, जिसमें पूरे हो चुके तथा चल रहे कार्य दोनों शामिल हैं।<br>Maximum value of work executed in one year during last 5 years at current price level taking into account the work completed as well as work in progress.<br>B- मौजूदा वचनबद्धताओं तथा चल रहे कार्य जिन्हें वर्तमान मूल्य स्तर पर अगले 'N' वर्षों में पूरा करना है, के मूल्य।<br>Value of existing commitments and ongoing work to be completed during the next 'N' years at current price level.<br>N-. उपर्युक्त संविदा को पूरा करने हेतु उल्लेखित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है (0.75 वर्ष) ।<br>Number of years prescribed for completion of the subject contract for which bids are invited (0.75 year). | A statement of ongoing works indicating financial commitment for each of these works during the stipulated period of completion mentioned for the subject tender as per Format-I enclosed herewith. This is required in support of parameter 'B'<br>ii. उपर्युक्त नोट (ii) में दर्शाए अनुसार कार्य के मूल्य हेतु वर्तमान लागत स्तर निकाला जाए।<br>Current costing level for value of work may be worked out as mentioned under note (ii) above. |

3. निविदा दस्तावेज निविदा विजार्ड के साथ पंजीयन तथा निविदा प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करते हुए ई-निविदा वेबसाईट www.tenderwizard.com/ISRO से डाऊनलोड किए जा सकते है | विक्रेता के पंजीयन करने की प्रक्रिया उपर्युक्त वेबसाईट में प्रदर्शित की गई है | निविदा प्रक्रिया शुल्क में मेसर्स. आईटीआई लि. को ई-गेटवे के माध्यम से भुगतान करे | किसी समस्या हेतु निविदाकारो श्री सुनील पटेल (मेसर्स. आईटीआई लि. के प्रतिनिधि) मो. 9714881992/9624981992 का संपर्क कर सकते है।

   The tender document may be downloaded from e-tendering website www.tenderwizard.com/ISRO by **registering** with tender wizard and paying **tender processing fee**. The procedure for vendor registration is displayed in the above website. Tender processing fee is payable to M/s. ITI Ltd. through E-gateway. Tenderers may contact Mr. Sunil Patel (representative from M/s. ITI Ltd) at Mob. No. 9714881992/9624981992 in case of difficulty.

   मात्र निविदा दस्तावेज डाऊनलोड करने से ही निविदाकार बोली लगाने के लिए हकदार नहीं हो जाता। निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेज बाद में विभाग द्वारा सत्यापित किये जाएंगे। यदि वे अपेक्षानुसार नहीं पाए गए तो उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Downloading of tender documents alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department. If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

4. **(अ)** निविदा के साथ उपर्युक्त पैरा 1 में उल्लिखित मूल्य की बयाना राशि संलग्न होनी चाहिए, जो किसी अनुसूचित बैंक द्वारा **लेखा अधिकारी, सैक, अहमदाबाद** के पक्ष में जारी कॉल रसीद/ मियादी जमा / डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में होनी चाहिए। बयाना राशि, निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि से **180 दिनों** तक मान्य होना चाहिए। बयाना जमा धन यदि डीडी के रूप में प्रस्तुत किया गया है तो, निविदा खोलने पर तुरंत उसका भुगतान करा लिया जाएगा और असफल निविदाकारों को बयाना जमा धन विभाग द्वारा चैक / इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लौटा दी जाएगी।

(a) "Tenders should be accompanied with Earnest Money Deposit for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt / Term Deposit Receipt / Demand Draft of any Scheduled Bank issued in favour of **Accounts Officer, SAC, Ahmedabad** (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank. Earnest Money Deposit shall be valid for **180 days** from the due date of receipt of tenders. In case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tender and refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through Cheque / electronically by the Department".

**(ब)** निविदा लागत/ ईएमडी में छूट का दावा करने वाली एमएसएमई इकाई जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईबी) / कॉयर बोर्ड / राष्ट्रीय लघु उद्योग आयोग (एनएसआईसी)/ हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय अथवा एमएसएमई मंत्रालय द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य निकाय द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण-पत्र **या** एमएसएमई उद्योग आधार ज्ञापन प्रस्तुत करें। ज्ञापन/ प्रमाण-पत्र निविदा की अंतिम तिथि/ विस्तारित अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए।

**(b) "The MSME units claiming exemption of Tender cost / EMD should submit MSME UDYOG ADHAR MEMORANDUM or registration certificate issued by District Industries Centre (DIC) / Khadi & Industries board (KVIB) / Coir board / National Small Industries Commission (NSIC) / Directorate of Handicrafts and handlooms or any other body specified by Ministry of MSME. The memorandum / certificate shall be valid as on due date / extended due date of the tender.**

5. निविदाएं उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेख की गईं निर्धारित तिथि एवं समय पर समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, सैक, जोधपुर टेकरा, अंबावाडी विस्तार पो.ऑ. , अहमदाबाद-380015" के कार्यालय में खोले जाएंगे।

Tenders will be opened at the Office of the "**Group Head, Construction and Maintenance Group, SAC, Jodhpur Tekra, Ambawadi Vistar P.O., Ahmedabad-380015**" on the stipulated date and time specified in Para 1 above.

6. **(a)** बयाना राशि जमा की मूल प्रति को निविदा खोलने के लिए नियत दिन और समय पर या उसके पहले "समूह निदेशक, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, सैक, अहमदाबाद" को प्रस्तुत किए जाए| यदि निविदा खोलने के लिए नियत दिन और समय पर या इसके पहले वैध बयाना राशि जमा प्राप्त नहीं होता है तो प्राप्त निविदा अस्वीकार कर दी जायगी।

**(b)** निविदा कीमत/ईएमडी से छूट का दावा करने वाली एमएसएमई इकाइयां उपर्युक्त पैरा 4 (अ) में उल्लिखित पंजीकरण प्रमाणपत्र **या** एमएसएमई उद्योग आधार ज्ञापन की सत्यापित हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।
उपर्युक्त ज्ञापन/प्रमाणपत्र की हार्ड कॉपी समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह/प्रभाग सैक, अहमदाबाद के कार्यालय में देय तिथि तथा निविदा खोले जाने के समय से पूर्व प्रस्तुत की जाए। यदि हार्ड कॉपी देय तिथि तथा निविदा खोले जाने के समय से पूर्व प्राप्त नहीं होती है तो निविदा प्रस्ताव रद्द कर दिया जाएगा।

**(a)** Original instrument of EMD shall be submitted to the Office of the "Group Director, Construction and Maintenance Group, SAC, Ahmedabad" on or before due date and time of opening of tender. If valid EMD is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

**(b) The MSME units claiming exemption of Tender cost / EMD should submit attested hard copy of MSME UDYOG ADHAR MEMORANDUM or registration certificate as indicated in para 4 (a) above.**

**The hard copy of above memorandum/ certificate shall be submitted to the Office of the Group Director, Construction and Maintenance Group, SAC, Ahmedabad on or before due date and time of opening of tender. If hard copy is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.**

7. निविदा खुलने की अंतिम तिथि को जिन निविदाकारो ने वैध बयाना राशि जमा प्रस्तुत की है केवल उन्ही की तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली खोली जाएगी । तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली खुलने के बाद आगे की विस्तृत संवीक्षा/मूल्यांकन किया जाएगा। तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के मूल्यांकन के दौरान, निविदाकारो द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की विस्तार से जाँच की जाएगी। यदि कोई निविदा जो पात्रता मानदण्ड पूरा नहीं करती है तो उसे इस चरण पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और ऐसे प्रस्तावों पर आगे विचार नहीं किया जाएगा। इस चरण तकनीकी मूल्यांकन समिति (टी.ई.सी.) द्वारा निविदाकार के किए गए चुनिंदा कार्यों का निरीक्षण करते हुए निविदाकार की कार्य क्षमता का पुनः मूल्यांकन किया जाएगा । मूल्यांकन मानदण्ड सहित तकनीकी मूल्यांकन प्रारूप निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न है। उन्हीं निविदाकारों की मूल्य बोली एक निर्दिष्ट तिथि को (अर्ह निविदाकारों को नियत सूचना के साथ) खोली जाएगी जो जाँच और तकनीकी मूल्यांकन के दौरान अर्ह पाई गईं है और अनुबंधों के अनुसार आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

On the due date of opening, the Technical & commercial bid of those tenderers who furnished valid EMD only will be opened. On opening of Technical & commercial bid, further detailed scrutiny / evaluation will be carried out. During the evaluation of techno-commercial bids, the documents furnished by the tenderers will be scrutinized in detail. Any tender, found as not fulfilling the eligibility criteria will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing. At this stage, the competency of the tenderers will be further evaluated by a Technical Evaluation Committee (TEC), including inspection of selected works carried out by tenderers. The Technical Evaluation format including the evaluation criteria is enclosed in the tender document. The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure/ stipulations.

**नोटः** यदि कोई विशेष निविदाकार जिसे इसी प्रकार के और महत्व के किसी कार्य और मूल्यांकन के समान मानदण्ड हेतु गत एक वर्ष में किसी भी इसरो केंद्र द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकित किया गया है तो ऐसे बोली लगाने वाले को पुन:र्मूल्यांकित नहीं किया जाएगा और पिछले मूल्यांकन के अंक वर्तमान निविदा के लिए पात्रता त्रिधारण हेतु लिए जाएगे ।

***Note***: Any particular tenderer who has been technically evaluated by any of ISRO Centres in the past one year for any work of similar nature and magnitude and for same criteria of evaluation, such bidders will not be re-evaluated and the scores of the previous evaluation will be taken for the assessment of the eligibility for the present tender.

8. ठेकेदार जिसका प्रस्ताव स्वीकार किया गया है को, उसे आशय-पत्र/ कार्य आदेश जारी करने की तिथि से 15 दिनों के अंदर प्रस्तावित राशि का 5%(पाँच प्रतिशत) निष्पादन गारंटी के रूप में प्रस्तुत करना होगा | प्रतिभूति, **"लेखा अधिकारी, सैक, अहमदाबाद"** के पक्ष में जमा किसी अनुसूचित बैंक द्वारा मांग रसीद/मियादी जमा रसीद के रूप में या निर्धारित प्रपत्र के अनुसार अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक प्रतिभूति के रूप में होगी। यदि कोई ठेकेदार, बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो, सहित निर्धारित अवधि के अंदर कथित निष्पादन प्रतिभूति जमा नहीं करता है तो ठेकेदार द्वारा जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और ठेकेदार को बिना कोई सूचना दिए आशय-पत्र/कार्य आदेश रद्द कर दिया जाएगा | निविदा के साथ जमा की गई बयाना राशि उपरोक्त कथित निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त करने के बाद ही वापस की जाएगी |

The contractor, whose offer is accepted, will be required to furnish performance guarantee of 5% (Five Percent) of the tendered amount within 15 days from the date of issue of letter of intent / work order. This guarantee shall be in the form of Deposit at Call receipt/ Term Deposit Receipt of any Scheduled Bank issued in favour of **"Accounts Officer, SAC, Ahmedabad"** (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank in accordance with the prescribed form. In case the contractor fails to deposit the said performance guarantee within the period specified including the extended period if any, the Earnest Money deposited by the contractor will be forfeited and letter of intent/ work order cancelled automatically without any notice to the contractor. The Earnest Money deposited along with tender shall be refunded only after receiving the aforesaid performance guarantee.

9. इच्छुक निविदाकार **समूह प्रधान, सी.एम.जी./ अभियंता-एस.जी./ अभियंता-एस.एफ./ अभियंता-एस.ई./ अभियंता-एस.डी.** की पूर्व अनुमति से निविदाए प्रस्तुत करने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

Intending tenderers may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of **Group Head, CMG/ Engineer-SG / Engineer-SF/ Engineer-SE/ Engineer-SD**

10. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकारकर्ता प्राधिकारी न्यूनतम या कोई अन्य निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है। सभी निविदाएं जिसमें कोई निर्धारित शर्त पूरी नहीं की जाती है या निविदाकार औपबंधिक छूट की कोई शर्त रखता है तो उन्हें बिना विचार किए अस्वीकार कर दिया जाएगा।

The tender accepting authority on behalf of President of India is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

11. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकारकर्ता प्राधिकारी कार्य आदेश जारी करने से पूर्व कार्य क्षेत्र में परिवर्तन/ कार्य की मात्रा को कम करने का अधिकार भी रखता है और निविदाकार इस पर किसी भी प्रकार दावा नहीं कर सकता।

The tender accepting authority on behalf of President of India also reserves the right to alter the scope/ or reduce quantum of work before issue of work order and the tenderer shall not have any claim what so ever on this account.

12. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकारकर्ता प्राधिकारी सम्पूर्ण निविदा या किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार रखता है और निविदाकार प्रस्तावित दर पर कार्य निष्पादन करने के लिए बाध्य होगा।

The tender accepting authority on behalf of President of India reserves the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

13. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सिफारिश करने पर सख्त प्रतिबंध है और ठेकेदारों द्वारा सिफारिश का सहारा लेते हुए प्रस्तुत की गई निविदाएं अस्वीकार कर दी जा सकती हैं।

Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

14. निविदा स्वीकारकर्ता प्राधिकारी समय-समय पर सरकार की नीतियों के अनुसार प्रस्तावों के लिए प्राथमिकता देने का विकल्प रखता है।

The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

15. ठेकेदार को विभाग के उस केन्द्र विशेष, जो ठेके को प्रदान करने और निष्पादित करने के लिए उत्तरदायी है, के प्रभाग में कार्य करने हेतु निविदा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जहाँ उसका निकट संबंधी कार्यरत हो। उसे उन व्यक्तियों के नाम बताने होंगे जो उसके साथ किसी भी रूप में कार्य कर रहें हैं या तदुपरांत उसके द्वारा नियुक्त किए जाए और अंतरिक्ष विभाग में किसी राजपत्रित अधिकारी के निकट संबंधी है। ठेकेदार द्वारा इस शर्त के किसी उल्लंघन पर निविदा को अस्वीकार या संविदा को रद कर दिया जाएगा।

The contractor shall not be permitted to tender for works in the Group / Division of that particular Centre of the Department responsible for award and execution of contracts for which his / her near relative is working. He / she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

16. निविदा, उपरोक्त पैरा 1 में निर्दिष्ट निविदा प्राप्ति की नियत तिथि से **न्यूनतम 120 दिनों की अवधि** तक वैध होगी। यदि कोई निविदाकार वैधता अवधि के अंदर प्रस्ताव वापस लेता है या निविदा के किसी भी नियम एवं शर्त में संशोधन करता है जो विभाग द्वारा स्वीकार्य नहीं हैं तो सरकार को किसी अन्य अधिकार या निवारण के

पूर्वाग्रह के बिना बयाना राशि जमा का 50% (पचास प्रतिशत) पूर्णतया जब्त करने की छूट है। साथ ही, निविदाकार को कार्य की पुन:निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

The tender should be valid for **minimum period of 120 days** from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above. If any tenderer withdraws the offer within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the Department, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely. Further, the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

17. निविदा तय होने पर, सफल निविदाकार के साथ एक करार किया जाएगा।
On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful tenderer**.**

18. इस एनआईटी को इसरो वेबसाईट www.isro.gov.in एवं सैक वेबसाइट www.sac.gov.in में भी प्रदर्शित किया गया है।
This NIT is also displayed in ISRO website www.isro.gov.in & SAC website www.sac.gov.in

**समूह प्रधान, सीएमजी / सैक**
**Group Head, CMG / SAC**